सिंदरी में फुटबॉल टूर्नामेंट कैम्प

सिंदरी : एसीसी सिंदरी एवं इंडिया रस (फुटबाल ट्रेनिंग की राष्ट्रीय संस्था) के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को सीमाटांड़ मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट कैम्प का आयोजन किया। इस में ग्रामीण क्षेत्र की पांच टीमों ने आयोजन में भाग लिया । एसीसी सिंदरी भविष्य में प्रतिभाशाली खिलाडी के लिए राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल अकादमी खोलने पर विचार कर रही है । मंगलवार के मैच में अभिजीत पात्रा, राखल रवानी,प्रताप बाऊरी,काली मरांडी,शाशिकान्त सोरेन तथा अमृत बास्की का प्रदर्शन उम्दा रहा । इससे पहले एसीसी के जी एम (एच आर) सुरेंद्र सिंह, सीएसअरआई अधिकारी रवि निवास, इंडिया रस के जार्ज ला-रेंस तथा केम्प अध्यक्ष अम्बुज मंडल ने किक लगाकर मैच का विधिवत उद्घाटन किया ।